इंटरनेट बैंकिग के उपयोग हेतु महत्वपूर्ण सुझाव **(Internet Banking Safety Tips):-**

- छात्र के खाता विवरण (Account Detail) एवं क्रेडिट कार्ड के किसी भी e-mail का Reply न करें, चाहे वह e-mail छात्र के अपने ही बैंक से क्यों न आया हो।
- सुरक्षित इंटरनेट बैंकिग के लिये छात्र अपना लॉगिन पार्सवर्ड एवं ऑनलाईन ट्रांजेक्शन पासवर्ड किसी भी व्यक्ति को न बतायें।
- छात्र अपने ई मेल एवं मोबाईल नम्बर को बैंक में रजिस्टर करें, ताकि बैक छात्र को उसके पैसो के लेनदेन एवं उसके खाते की सारी जानकारी समय समय पर अवगत करा सके।
- छात्र अपने इंटरनेट बैकिंग के पासवर्ड को अपने मित्रों, परिवार के सदस्यों, अन्य लोंगों यहॉ तक कि, बैंक के किसी कर्मचारी को भी न बतायें।
- छात्र अपने पासवर्ड को निरन्तर बदलते रहें एवं पासवर्ड को हमेशा नम्बर, अक्षर और चिह्नों को मिलाकर ही बनायें।
- इन्टरनेट बैकिंग का उपयोग करनें के पश्चात लॉग आउट होने का अवश्य ध्यान रखें।
- किसी भी प्रकार के धोखें से बचने के लिये छात्र यह ध्यान रखे कि इंटरनेट बैकिंग का लेनदेन साइबर कैफे या शेयर्ड कम्प्यूटर पर न हो।
- इंटरनेट बैकिंग का उपयोग करते समय छात्र तब तक कम्प्यूटर को छोड़कर न जायें जब तक कि रूपयों का लेनदेन पूर्ण न हो गया हो।